| विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर डॉ. मंगला राय | कृषि कुंभ (नवंबर 2023), खण्ड 03 अंक 06, पृष्ठ संख्या 88 |
|---|---|


# डॉ. मंगला राय ने कृषि अनुसंधान परिषद पटना के वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की

## कड़ी मेहनत, ईमानदारी और निष्ठापूर्वक कार्य करें : डॉ. मंगला राय


**उमेश कुमार मिश्र**

सदस्य सचिव, प्रेस एवं मीडिया समिति

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना

**Email Id:** ukmishra90@gmail.com


विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर डॉ. मंगला राय, पूर्व सचिव डेयर एवं महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने भारत में जल उपयोग

दक्षता के प्रासंगिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया, क्योंकि हमारे देश में दुनिया की 17% आबादी रहती है और हमारे पास 4.2% ताजे जल संसाधन हैं। डॉ. राय ने वैज्ञानिकों से कृषि में जमीनी स्तर पर कारक उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सहयोगात्मक प्रयास में एकजुट होने का आग्रह किया और पूर्वी भारत में कृषि को गहन बनाने और सिस्टम मोड में काम करने पर जोर दिया।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पूरे विश्व में खाद्य उत्पादन से संबंधित काफी सराहनीय कार्य हो रहे हैं, लेकिन अभी भी बहुत सारे लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता है। डॉ. राय बताया कि दलहन, तिलहन एवं कदन्न फसलों के क्षेत्र में व्यापक रूप से कार्य करने की तत्काल आवश्यकता है।

इस कार्यक्रम में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. रामेश्वर सिंह उपस्थित थे, जिन्होंने विश्वविद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की शुरुआत में संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने माननीय मुख्य अतिथि डॉ.

मंगला राय एवं डॉ. रामेश्वर सिंह का स्वागत किया तथा कृषि क्षेत्र में संस्थान के योगदान एवं संस्थान की प्रगतिशील अनुसंधान गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण देते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया।


**सादर**

**उमेश कुमार मिश्र**

सदस्य सचिव, प्रेस एवं मीडिया समिति

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना, भारत।